Bharat Temples

# दिलवाला रंगरसिया मनबसिया बड़ा प्यारा दिलवाला मतवाला सारे जग का उज्जियारा Bhajans Bhakti Songs

दिलवाला रंगरसिया मनबसिया बड़ा प्यारा
दिलवाला मतवाला सारे जग का उज्जियारा

श्याम सलोने का प्यारा श्रृंगार है,
कितना सुन्दर सांवलिया सरकार है ।
सजा दरबार है की छायी बहार है ।

मोर छड़ी हाथों में विराजे मोर मुकुट सिर पे है साजे ।
मोर मुकुट सिर पे है साजे-२,
कान में कुण्डल गल वैजन्ती हार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

बागा इनका बड़ा ही न्यारा जरीदार ये प्यार प्यारा ।
जरीदार ये प्यार प्यारा-२,
हीरे मोती रत्नों की भरमार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

केसर चन्दन है सुहाना खुशबू उड़े और करे दीवाना ।
खुशबू उड़े और करे दीवाना-,
केसर के संग इत्तर की बौछार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

गेंदा और गुलाब मोगरा रजनीगंधा का है गजरा ।
रजनीगंधा का है गजरा-,
जूही चमेली संग महके कचनार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

कलिकाल का ये अवतारी लीले की करता है सवारी ।
लीले की करता असवारी-,
तीन बाण का ना पाया कोई पार है ॥
कितना सुन्दर सांवलिया...

बोलो जय श्री श्याम रे भक्तों राजू ये कहता है सबको ।
निर्मल ये कहता है सबको-,
श्याम नाम में ही जीवन का सार है ॥

Source:
https://www.bharattemples.com/dilavaala-rang-rasiya-man-basiya-bada-pyaara/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw